# PTET
## 2018 सॉल्व्ड पेपर
## PDF डाउनलोड


- विषयवार ई- बुक यहाँ से देखे
- Youtube पर ऑनलाइन क्लासे देखे
- लेटेस्ट पोस्ट (GK क्विज)
- 1000 प्रश्न ई-बुक Download
- राजस्थान GK ई- बुक डाउनलोड
- Computer E- book Download
- Rajasthan Gk Questions
- India Gk Questions
- One Liner Gk Questions


परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्न
राजस्थान GK
PDF DOWNLOAD
महत्वपूर्ण- महत्वपूर्ण प्रश्न

भारत सामान्य ज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

राजस्थान सामान्य ज्ञान
वन लाइनर प्रश्न-उत्तर
500+ क्लिक करें एवं पढ़ें

# PTET-2018 (Pre B.Ed.) - हल प्रश्न पत्र

|स्मृति पर आधारित|

## भाग - अ : मानसिक योग्यता

1. 'LAPAROSCOPY' शब्द से वर्णों का क्रम बदले बिना और एक वर्ण का एक ही बार प्रयोग करते हुए कितने सार्थक शब्द बनाए जा सकते हैं?
(1) 3 (2) 4
(3) 1 (4) 2 **(2)**

2. जिस तरह 34 का सम्बन्ध 12 से है, उसी तरह 59 का सम्बन्ध है-
(1) 45 (2) 38 (3) 26 (4) 14 **(1)**

3. :: के एक ओर दिए गए दो शब्दों के बीच एक निश्चित सम्बन्ध है और :: की दूसरी तरफ एक शब्द दिया गया है। इस शब्द के साथ समान सम्बन्ध रखने वाला दूसरा अन्य शब्द दिए गए विकल्पों से खोजें, सही विकल्प चुनें-
पिघला : तरल :: फ्रीज : ?
(1) गाढ़ा (2) ठोस
(3) बर्फ (4) स्फटिक **(2)**

4. आज वरूण का जन्मदिन है। आज के एक वर्ष बाद वह 12 वर्ष पूर्व से दुगुना हो जाएगा। अभी वरूण की आयु क्या है?
(1) 20 वर्ष (2) 22 वर्ष
(3) 25 वर्ष (4) 27 वर्ष **(3)**

5. 60 विद्यार्थियों की एक कक्षा में, वार्षिक खेल में भाग लेने वाले लड़कों और लड़कियों का अनुपात क्रमशः 3 : 2 है। खेल में भाग नहीं लेने वाली लड़कियों की संख्या खेल में भाग नहीं लेने वाले लड़कों से 5 ज्यादा है। यदि खेल में भाग लेने वाले लड़कों की संख्या 15 है, तो कक्षा में कुल कितनी लड़कियाँ हैं?
(1) 20 (2) 25
(3) 30 (4) तथ्य अपर्याप्त **(3)**

6. यदि 'DISTURBANCE' शब्द से पहले वर्ण को आखिरी वर्ण से बदल दिया जाए, इसी तरह दूसरे वर्ण को दसवें वर्ण से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने नए शब्द में T के बाद कौनसा वर्ण आएगा?
(1) S (2) I
(3) T (4) N **(1)**

7. एक लड़के की फोटोग्राफ की ओर देखते हुए सुरेश ने कहा, ''ये मेरी माता के एकमात्र पुत्र का पुत्र है।'' सुरेश का लड़के के साथ क्या सम्बन्ध है?
(1) भाई (2) अंकल
(3) चचेरा भाई (4) पिता **(4)**

8. एक परिवार में छह सदस्य P, Q, R, S, T और U हैं। इनमें दो विवाहित जोड़ें हैं। Q एक डॉक्टर है और T का पिता है। R का दादा U एक ठेकेदार है। S, T की दादी है और एक गृहिणी है। परिवार में एक डॉक्टर, एक ठेकेदार, एक नर्स, एक गृहिणी और दो विद्यार्थी हैं। निम्न में से कौन निश्चित रूप से पुरूष सदस्यों का एक समूह है?
(1) QU (2) QUT
(3) QUP (4) UT **(1)**

9. A बेटा है B का। B की बहिन का बेटा D और बेटी E है। F, D का मामा है। A का D से क्या सम्बन्ध हैं?
(1) चचेरा भाई (2) चाचा
(3) भतीजा (4) मौसेरा भाई **(4)**

10. एक कूट भाषा में,
134 का अर्थ है 'अच्छा विशिष्ट स्वादिष्ट'
478 का अर्थ है 'अच्छा तस्वीरें देखें'
729 का अर्थ है, 'तस्वीरें धुंधली है'।
निम्न में से कौनसी संख्या का मतलब देखें हैं?
(1) 9 (2) 2
(3) 1 (4) 8 **(4)**

11. यदि FRIEND का संकेत HUMJTK है तो उसी कूट में CANDLE को किस तरह लिखा जाएगा?
(1) EDRIRL (2) DCQHQK
(3) ESJFME (4) DEQJQM **(1)**


12. निर्देश'- अभिकथन (A) और तर्क (R) के लिए सही विकल्प चुनें-
अभिकथन (A)- काँच काटने के लिए हीरे का उपयोग होता है।
तर्क (R)- हीरे में एक उच्च अपवर्तक सूचकांक होता है।
(1) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(3) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(4) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है। **(2)**

13. रसिक 20 मीटर उत्तर की तरफ चला। फिर दायीं ओर मुड़कर 30 मीटर चलता है। वह फिर दायीं ओर मुड़कर 35 मीटर चलता है। फिर वह बायीं ओर मुड़कर 15 मीटर चलता है। अंततः वह बायीं ओर मुड़कर 15 मीटर और चलता है। अब वह अपने प्रारम्भिक स्थान से किस दिशा में ओर कितनी दूरी पर है?
(1) 15 मीटर पश्चिम (2) 30 मीटर पूर्व
(3) 30 मीटर पश्चिम (4) 45 मीटर पूर्व **(4)**

14. निम्न प्रश्न में, निश्चित संख्याओं की एक मैट्रिक्स दी गई है। यह संख्याएँ पंक्ति और स्तम्भ में एक निश्चित प्रवृत्ति में हैं। इस प्रवृत्ति को पहचानकर अदृश्य अंक चुनें-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 7 | 9 |
| 2 | 14 | ? |
| 3 | 105 | 117 |

(1) 26 (2) 10 (3) 12 (4) 16 **(3)**

15. चार वैकल्पिक आरेखों में से तीन वर्गों-कबूतर, पक्षी और कुत्ते के बीच सम्बन्ध दिखाने वाले श्रेष्ठ आरेख को चुनें-
(1) 
(2) 
(3) 
(4) 
**(1)**

16. यदि '×' का अर्थ '+' है, '÷' का अर्थ '–' है, '+' का अर्थ '×' है और '–' का अर्थ '÷' है, तो 20 × 8 ÷ 8 – 4 + 2 = ?
(1) 80 (2) 25
(3) 24 (4) 8 **(3)**

17. भैंसों और बतखों के एक समूह में पैरों की संख्या सिरों की संख्या के दुगुने से 24 अधिक है। समूह में भैंसों की संख्या क्या है?
(1) 6 (2) 18
(3) 12 (4) 24 **(3)**

18. यदि 30 जनवरी, 2003 को गुरूवार था, तो 2 मार्च, 2003 को क्या वार होगा?
(1) गुरूवार (2) रविवार
(3) सोमवार (4) शनिवार **(2)**

19. संख्याओं के निम्न अनुक्रम में कितनी सम-संख्याएँ हैं, जो तुरन्त एक विषम संख्या के बाद और सम संख्या से पहले आती हैं?
8586768932753422355228 11931
751
(1) 2 (2) 3
(3) 4 (4) 5 **(3)**

20. 5 भिन्न-भिन्न मोटाई वाली पुस्तकों में A, C से मोटी है और B, D से मोटी है। E उतनी मोटी नहीं है जितनी की B है, लेकिन वह C से मोटी है। D, C जितनी मोटी नहीं है। कौन सी पुस्तक सबसे पतली है?
(1) E (2) D
(3) B (4) C **(2)**

21. श्रृंखला में असंगत संख्या बताइये-
4, 9, 16, 25, 35, 49, 64
(1) 16 (2) 25
(3) 35 (4) 49 **(3)**

22. दिए गए विकल्पों में से विलुप्त पद चुनें-
Q1F, S2E, U6D, W21C, ?
(1) Z88B (2) Y88B
(3) Y44B (4) K25P **(2)**

23. कौनसा शब्द दूसरों से बेमेल है?
(1) BRANCH (2) DIRT
(3) LEAF (4) ROOT **(2)**

24. नीचे दिए प्रश्न में एक कथन के संदर्भ में दो कार्यवाही भी दी गई हैं। I और II। आपकों कथन के संदर्भ में पूर्णतया सही अनुमान लगाकर कथन में दी गई जानकारी के आधार पर निर्णय लेना है कि सुझाई गई कौनसी कार्यवाही को तार्किक आधार पर क्रियान्वित करना चाहिए?
कथन- देश के कई हिस्सों में गम्भीर सूखा होने की खबर है।
कार्यवाही के विकल्प-

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

**I. सरकार का तुरन्त प्रभावित लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की व्यवस्था करनी चाहिए।**
**II. इन सभी क्षेत्रों में लोगों और पशुओं को बचाने के लिए भोजन, पानी और चारा तुरन्त भेजा जाना चाहिए।**
(1) केवल I क्रियान्वित हो।
(2) केवल II का पालन हो।
(3) या तो I या II क्रियान्वित हो।
(4) न तो I और ना ही II क्रियान्वित हो। **(4)**

**25. 382 473 568 728 847 629**
**यदि 382 को 238 और 473 को 347 लिखा जाता है, तो इसी तरह निम्न में से कौनसी दो संख्याएँ सबसे कम अंतर वाली होंगी?**
(1) 473 & 382 (2) 629 & 728
(3) 629 & 847 (4) 728 & 847 **(1)**

**26. नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं जिनमें दो निष्कर्ष शामिल हैं I और II। निष्कर्ष को पढ़कर निर्णय लें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौनसा एक सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न होते हुए भी तार्किक आधार पर दिए गए कथन के अनुसार है।**
**कथन- सभी आम सुनहरे रंग के हैं। सुनहरे रंग की कोई भी वस्तु सस्ती नहीं है।**
**I. सभी आम सस्ते हैं।**
**II. सुनहरे रंग के आम सस्ते नहीं है।**
(1) केवल निष्कर्ष I सही है।
(2) केवल निष्कर्ष II सही है।
(3) या तो I या II सही है।
(4) न तो I न ही II सही है।
**(2)**

**निर्देश (प्र. 27-30)- निम्न गद्यांश को पढ़कर निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**
**शिक्षा जीवन के लिए है, न कि केवल आजीविका के लिए। इसलिए जब तक एक इस सच्चाई की अनदेखी करते तैं, हमारे शैक्षिक पाठ्यक्रम की गुणवत्ता के साथ ही हमारे शिक्षिकों और छात्रों के अपर्याप्त रहने की संभावना है। किसी समाज के लिए विशेषज्ञों का होना पर्याप्त नहीं है। इसके लिए मनुष्य होने की जरूरत है जो सोच सके, महसूस कर सके और उदारता के लिए साथ कार्य कर सके, ऐसे लोग जिन्हें कम्प्यूटर और रोबोटों द्वारा प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है। मानवता की कीमत पर दक्षता पर जोर देना हमारे वर्तमान युग की बड़ी गलती है।**

**27. एक मानव को कम्प्यूटर्स और रोबोट्स के द्वारा प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है, क्योंकि-**
(1) कम्प्यूटर्स और रोबोट निर्जीव होते हैं।
(2) कम्प्यूटर्स और रोबोट्स मशीन की भाँति व्यवहार करते हैं।
(3) केवल मानव विशेषीकृत ज्ञान करता है।
(4) केवल सही मनुष्य रचनात्मक सोच के साथ उदारता से कार्य कर सकता है। **(4)**

**28. जब लेखक यह कहता है कि शिक्षा जीवन के लिए है न की आजीविका के लिए, तो उसका अर्थ है कि-**
(1) शिक्षा जीवन में उपयोगी है।
(2) शिक्षा का प्राथमिक उद्देश्य लोगों को मानवता की सीख देना है।
(3) शिक्षा जीवन जीने के लिए उपयोगी है।
(4) शिक्षा किसी को भी समृद्ध बना सकती है। **(2)**

**29. लेखक कहता है कि समाज के लिए विशेषज्ञों का होना ही पर्याप्त नहीं है क्योंकि-**
(1) विशेषज्ञ अहमवादी होते हैं।
(2) विशेषज्ञ समग्र दृष्टि नहीं रखते हैं क्योंकि वे विशिष्ट होते हैं।
(3) शिक्षित लोगों को दक्षता के साथ ही समाज की जरूरतों के प्रति सहानुभूति और संवेदनशीलता रखनी चाहिए।
(4) विशेषज्ञ अति विलक्षण लोग होते हैं। **(2)**

**30. लेखक वर्तमान शैक्षणिक व्यवस्था के आलोचक हैं क्योंकि यह-**
(1) दक्षता पर ही बल देती हैं।
(2) समाज विज्ञानों की उपेक्षा करती हैं।
(3) विज्ञान उन्मुखी हैं।
(4) कम्प्यूटर्स से ग्रसित हैं। **(1)**

**निर्देश (प्र. 31-34)- दी गई सूचनाओं को ध्यानपूर्वक पढ़ें और निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**
**छः दोस्त गोलकार मेज पर प्रत्येक से समान दूरी पर बैठे हैं। सीता, गीता से दायीं तरपफ दूसरे स्थान पर है जो कि नीता के बिल्कुल विपरीत बैठी है। नीता, लता के बिल्कुल बाएँ बैठी है, जो कि रीता के विपरीत है। मीता भी मेज पर बैठी है।**

**31. निम्न में से कौनसा कथन गलत हैं?**
(1) मीता और सीता एक–दूसरे के एकदम विपरीत है।
(2) रीता और मीता, गीता से समान दूरी पर हैं।
(3) मेज के बीच से रीता और मीता की वही स्थिति है जो सीता और लता की है।
(4) मीता लता के एकदम बायीं तरफ है। **(4)**

**32. गीता और सीता के बीच बैठा एकमात्र व्यक्ति कौन हैं?**
(1) रीता (2) मीता (3) लता (4) नीता **(1)**

**33. सीता किससे समान दूरी पर नहीं बैठी हैं?**
(1) रीता और नीता (2) लता और गीता
(3) मीता और लता (4) उपर्युक्त सभी **(3)**

**34. गीता बैठी है-**
(1) मीता से बायीं तरफ
(2) रीता के दायीं तरफ
(3) रीता के बायीं तरफ
(4) नीता के दायीं तरफ **(3)**

**निर्देश (प्र. 35-38)- निम्न पाई चार्ट एक देश द्वारा एक वर्ष में विभिन्न खेल गतिविधियों पर किए जाने वाले व्यय को प्रदर्शित करता है। पाई चार्ट का अध्ययन कर निम्नांकित प्रश्नों का उत्तर दीजिए-**




**35. देश का व्यय निम्न में से किनमें समान है?**
(1) हॉकी और टेनिस
(2) गोल्फ और बास्केटबॉल
(3) क्रिकेट और फुटबॉल
(4) हॉकी और गोल्फ **(2)**

**36. फुटबॉल पर होने वाले कुल व्यय का अनुपात हॉकी के अनुपात से है-**
(1) 1 : 15 (2) 1 : 1
(3) 15 : 1 (4) 3 : 20 **(2)**

**37. एक वर्ष में खेल पर होने वाला कुल व्यय यदि 1,20,00,000 रू. था, तो बास्केटबॉल पर कितना खर्च हुआ?**
(1) 9,50,000 (2) 12,00,000
(3) 10,00,000 (4) 15,00,000 **(4)**

**38. चार्ट के अनुसार देश का सबसे लोकप्रिय खेल है-**
(1) हॉकी (2) फुटबॉल
(3) क्रिकेट (4) टेनिस **(3)**

**39. निम्नांकित के लिए अगला शब्द चुनिए-**
**DCXW, FEVU, HGTS, ?**
(1) AKPO (2) ABYZ
(3) JIRQ (4) LMRS **(3)**

**40. 4 संख्याओं में से, प्रथम तीन संख्याओं का औसत चौथी संख्या का तीगुना है। यदि चार संख्याओं का औसत 5 है, तो चौथी संख्या है-**
(1) 4.5 (2) 5
(3) 2 (4) 4 **(3)**

**41. असंगत शब्द चुनिए-**
(1) भूगोल (2) भौतिकी
(3) रसायन विज्ञान (4) जीव विज्ञान **(1)**

**42. शब्द 'ADULTERATION' में दाएँ से चौथे अक्षर के बाएँ पाँचवों अक्षर क्या होगा?**
(1) L (2) T
(3) U (4) E **(1)**

**43. एक बेग में 1 रू., 50 पैसे और 25 पैसे के सिक्के समान मात्रा में हैं। यदि बेग में कुल 35 रू. हैं, तो प्रत्येक प्रकार के कुल सिक्कों की संख्या बताओं-**
(1) 15 (2) 18
(3) 20 (4) 25 **(3)**

**44. यदि BLOOD को 24113 और BURST को 20678 संकेत दिया जाता है, तो ROBUST का कूट होगा-**
(1) 620781 (2) 612078
(3) 678102 (4) 6102732 **(2)**

**45. निम्न में से कौनसा निष्कर्ष सत्य है-**
**कथन :** 1. सभी अमरूद फल हैं।
2. सभी केले फल हैं।
**निष्कर्ष :** I. सभी अमरूद केले हैं।
II. सभी केले अमरूद हैं।
III. सभी केले और अमरूद फल हैं।
IV. सभी फल अमरूद हैं।
(1) केवल निष्कर्ष I सत्य है।
(2) केवल निष्कर्ष II सत्य है।
(3) केवल निष्कर्ष III सत्य है।
(4) केवल निष्कर्ष IV सत्य है। **(3)**

**46. 20 मार्च, 1995 को सोमवार था तो 3 नवम्बर, 1994 को कौनसा वार था?**
(1) गुरूवार (2) रविवार
(3) मंगलवार (4) शनिवार **(1)**

**47. नीचे दिए गए कथन के आधार पर निम्न में से कौनसा निष्कर्ष तार्किक आधार पर सही हैं?**
**कथन-** अधिकांश शिक्षक मेहनती हैं।
**निष्कर्ष-** I. कुछ शिक्षक मेहनती हैं।
II. कुछ शिक्षक मेहनती नहीं है।
(1) केवल I सही है। (2) केवल II सही है।
(3) I और II दोनों सही है।
(4) न तो I और न ही II सही हैं। **(2)**



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

48. **निम्न में से कौनसा कथन पूर्णतया अतार्किक हैं?**
(1) वह अविवाहित था, लेकिन उसने अभी हाल ही में शादी की है।
(2) वह अविवाहित है, लेकिन उसने अभी हाल ही में शादी की है।
(3) जब उसने शादी की, वह अविवाहित नहीं था।
(4) जब वह अविवाहित था, वह शादीशुदा नहीं था। **(2)**

49. **निम्नांकित श्रृंखला के लिए विलुप्त नम्बर चुनिए- 8, 24, 12, ?, 18, 54**
(1) 26 (2) 24 (3) 36 (4) 32 **(3)**

50. **यदि एक कूट में ROUNDS को SDNUOR लिखा जाता है तो उसी कूट में PLEASE को कैसे लिखा जाएगा?**
(1) ESEALP (2) ESAELP
(3) ESALEP (4) PLEASE **(2)**

## भाग-ब : सामान्य ज्ञान

51. **विजय सिंह पथिक का मूल नाम था-**
(1) भूपसिंह (2) नरेन्द्र नाथ
(3) मूलशंकर (4) रामदास **(1)**

52. **निम्न में से कौनसा असंगत है?**
(1) रैदास–निर्गुण भक्ति
(2) नानक–निर्गुण भक्ति
(3) पीपा–सगुण भक्ति
(4) सूरदास – सगुण भक्ति **(1)**

53. **भारत के राष्ट्रपति अपने पद के लिए कितनी बार पुनः निर्वाचित किये जा सकते हैं?**
(1) एक बार (2) दो बार
(3) तीन बार (4) कितनी भी बार **(4)**

54. **चुनाव आयोग को 'तीन सदस्यीय आयोग' में किस वर्ष में बदला गया था?**
(1) 1987 (2) 1988
(3) 1989 (4) 1990 **(3)**

55. **वन अनुसंधान संस्थान कहाँ स्थित हैं?**
(1) देहरादून (2) भोपाल
(3) लखनऊ (4) शिमला **(1)**

56. **नीली क्रांति का सम्बन्ध है-**
(1) खाद्यान्न उत्पादन से
(2) तिलहन उत्पादन से
(3) मछली उत्पादन से
(4) नील उत्पादन से **(3)**

57. **TRIPS एवं TRIMS किससे संबंधित हैं?**
(1) IMF (2) WTO
(3) IBRD (4) IDA **(2)**

58. **नीति आयोग-**
(1) एक संवैधानिक निकाय है।
(2) संसद द्वारा पारित कानून के अन्तर्गत गठित है।
(3) कार्यकारी आदेश द्वारा गठित है।
(4) एक अध्यादेश द्वारा गठित है। **(3)**

59. **राजस्थान के किस जिले से सर्वाधिक जिलों की सीमाएँ स्पर्श करती है?**
(1) अजमेर (2) पाली
(3) नागौर (4) जयपुर **(2)**

60. **भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का राष्ट्रीय मुख्यालय कहाँ स्थित हैं?**
(1) कोलकाता (2) चेन्नई
(3) नई दिल्ली (4) मुम्बई **(3)**

61. **राजस्थान पर्यटन लोगो में सम्मिलित वाक्य हैं?**
(1) रंगीलो राजस्थान
(2) अविश्वनीय राजस्थान
(3) जाने क्या दिख जाये
(4) पधारो म्हारे देश **(3)**

62. **जनकपुरा और सरवाड़ की खानें किस खनिज हेतु प्रसिद्ध है?**
(1) पन्ना (2) बेराइट्स
(3) तामड़ा (4) पाइराइट **(4)**

63. **किस क्षेत्र में चैत्र शुक्ल पंचमी को गुलाबी गणगौर मनाई जाती है?**
(1) जोधपुर (2) अजमेर
(3) बूँदी (4) नाथद्वारा **(4)**

64. **बीसलपुर बाँध किस नदी पर स्थित है?**
(1) बनास (2) जाखम
(3) लूनी (4) कालीसिंध **(1)**

65. **राजस्थान विधानसभा की सदस्य संख्या 184 से 200 किस विधानसभा चुनाव में हुई?**
(1) चौथा (2) पाँचवाँ
(3) छठा (4) सातवाँ **(3)**

66. **शिवाजी के आध्यात्मिक गुरु थे-**
(1) समर्थ गुरू रामदास
(2) एकनाथ
(3) दादाजी कोणदेव (4) तुकाराम **(1)**

67. **महाराणा प्रताप ने अपनी राजधानी मुगल विरोध के कारण कहाँ स्थापित की?**
(1) उदयपुर (2) चावंड
(3) गोगुंदा (4) रणथम्भौर **(2)**

68. **रामकृष्ण मिशन के संस्थापक थे-**
(1) राधाकृष्ण (2) रामकृष्ण
(3) विवेकानन्द (4) दयानन्द **(3)**

69. **रावण हत्था-**
(1) आभूषण (2) वाद्य यंत्र
(3) पहनावा (4) रीति रिवाज **(2)**

70. **निम्नलिखित में से कौनसा वसा घुलनशील विटामिन है जो रूधिर का थक्का बनाने में मदद करता है?**
(1) C (2) D
(3) E (4) K **(4)**

71. **मानव की सामान्य श्रवण परास है-**
(1) 0 Hz to 20 Hz (2) 20 Hz to 20 kHz
(3) 20 kHz to 200 kHz (4) 20 kHz to 20 MHz
**(2)**

72. **शान्ति स्वरूप भटनागर पुरस्कार दिया जाता है-**
(1) फिल्म निर्देशन में उत्कृष्टता के लिए
(2) विज्ञान में उत्कृष्ट योगदान हेतु
(3) रचनात्मक लेखन में नए आयामों की खोज हेतु
(4) पत्रकारिता में उत्कृष्टता हेतु **(2)**

73. **चन्दन की लकड़ी के उत्पादन हेतु प्रसिद्ध राज्य है-**
(1) कर्नाटक (2) मध्यप्रदेश
(3) छत्तीसगढ़ (4) नोआ **(1)**

74. **'सबरीमाला' निम्न में से किस राज्य में स्थित हैं?**
(1) केरल (2) कर्नाटक
(3) आन्ध्रप्रदेश (4) तेलंगाना **(1)**

75. **भारतीय राष्ट्रगान के पूरे पाठांतर को बजाने में लगने वाला समय (सेकण्ड में) है-**
(1) 90 (2) 72
(3) 52 (4) 36 **(3)**

76. **अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है-**
(1) 3 मार्च को (2) 8 मार्च को
(3) 13 मार्च को (4) 18 मार्च को **(2)**

77. **काव्य रचना 'रश्मिरथी' के रचनाकार हैं-**
(1) हरिवंशराय बच्चन
(2) महादेवी वर्मा
(3) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(4) रामधारी सिंह दिनकर **(4)**

78. **गोली या पाउडर रूप में दवाओं की बॉटल में एक छोटा पाउच, जिसमें सिलिका जेल होता है, रखा जाता है क्योंकि सिलिका जेल-**
(1) नमी को अवशोषित करता है।
(2) जीवाणुओं को नष्ट करता है।
(3) रोगाणुओं एवं बीजाणुओं को नष्ट करता है।
(4) बॉटल में उपस्थित सभी गैसों को अवशोषित करता है। **(1)**

79. **'हाइड्रोफोबिया' बीमारी का कारण है-**
(1) जीवाणु (2) कवक
(3) विषाणु (4) शैवाल **(3)**

80. **निम्न में से किस ईंधन का ऊष्मीय मान अधिकतम है?**
(1) गाय का गोबर (2) चारकोल
(3) एल.पी.जी. (4) लकड़ी **(3)**

81. **निम्न जिलों में से कौनसा हाड़ौती क्षेत्र में नहीं आता?**
(1) बाराँ (2) कोटा
(3) भीलवाड़ा (4) बूँदी **(3)**

82. **भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान कहाँ स्थित हैं?**
(1) पुणे (2) राजकोट
(3) भोपाल (4) दिल्ली **(1)**

83. **आदि शंकराचार्य ने चार मठ स्थापित किए। ये मठ स्थित हैं-**
(1) बद्रीनाथ, द्वारिका, पुरी, श्रृंगेरी में
(2) श्रृंगेरी, प्रयाग, द्वारिका, बद्रीनाथ में
(3) श्रृंगेरी, द्वारिका, पुरी, प्रयाग में
(4) प्रयाग, बद्रीनाथ, पुरी, द्वारिका में **(1)**

84. **निम्न में से किसे भारत रत्न एवं निशान-ए-पाकिस्तान दोनों से सम्मानित किया गया?**
(1) लाल बहादुर शास्त्री
(2) मोरारजी देसाई
(3) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(4) अयूब खान **(2)**

85. **रेड डाटा पुस्तक किससे संबंधित जानकारी रखती है?**
(1) लाल पांडा



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

(2) दुर्लभ पादप व प्राणी जो खतरे में हैं
(3) दुर्लभ खनिज
(4) लुप्तप्राय नदियाँ (2)

86. **किसान दिवस कब मनाया जाता है?**
(1) 21 मार्च (2) 13 जुलाई
(3) 23 दिसम्बर (4) 7 मार्च (3)

87. **पूना समझौता (1932) किनके मध्य हुआ था?**
(1) नेहरू व अम्बेडकर (2) गाँधी व नेहरू
(3) नेहरू व जिन्ना (4) गाँधी व अम्बेडकर (4)

88. **मोसाद किस देश की राष्ट्रीय गुप्तचर एजेन्सी है?**
(1) चीन (2) जर्मनी
(3) इजरायल (4) फ्रांस (3)

89. **न्याय दर्शन का प्रतिपादन किसने किया था?**
(1) कणाद (2) गौतम
(3) कपिल (4) जैमिनी (2)

90. **अनेकांतवाद निम्न में से किस मत का केन्द्रीय सिद्धान्त एवं दर्शन हैं?**
(1) जैन (2) बौद्ध
(3) सिख (4) वैष्णव (1)

91. **संवैधानिक संशोधन की विधि किस अनुच्छेद में वर्णित है?**
(1) अनुच्छेद 348 (2) अनुच्छेद 352
(3) अनुच्छेद 368 (4) अनुच्छेद 376 (3)

92. **'राज्य के नीति निर्देशक तत्व एक ऐसा चेक है जो बैंक की सुविधानुसार अदा की जाएगी।' यह कथन किसका है?**
(1) बी.आर. अम्बेडकर (2) के.एम. मुंशी
(3) राजेन्द्र प्रसाद (4) के.टी. शाह (1)

93. **निम्न में से किस भारतीय स्वतंत्रता सेनानी ने भारत की प्रति व्यक्ति आय के आकलन का प्रयास किया?**
(1) गोपाल कृष्ण गोखले
(2) फिरोजशाह मेहता
(3) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
(4) दादाभाई नौरोजी (4)

94. **राष्ट्रीय स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान प्रसिद्ध समाचार-पत्र केसरी के संस्थापक-संपादक कौन थे?**
(1) महात्मा गाँधी (2) जवाहरलाल नेहरू
(3) लोकमान्य तिलक (4) मुहम्मद इकबाल (3)

95. **'हिन्द स्वराज' पुस्तक के लेखक हैं-**
(1) एम.जी. रानाडे (2) महात्मा गाँधी
(3) वी.डी. सावरकर (4) सरदार पटेल (2)

96. **आजाद हिन्द फौज की स्थापना हुई थी-**
(1) जापान में (2) बर्मा में
(3) सिंगापुर में (4) जर्मनी में (3)

97. **कलकत्ता, मद्रास व बम्बई विश्वविद्यालय की स्थापना किस वर्ष में हुई?**
(1) 1845 (2) 1857
(3) 1863 (4) 1887 (2)

98. **भारतीय संविधान सभा की पहली बैठक की अध्यक्षता किसने की थी?**
(1) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(2) सच्चिदानन्द सिन्हा
(3) बी.आर. अम्बेडकर
(4) एच.वी. कामथ (2)

99. **मद 'शिक्षा' संबंधित है-**
(1) संघ सूची में (2) राज्य सूची में
(3) समवर्ती सूची में (4) अवशिष्ट विषयों में

## भाग-स : भाषा कौशल-हिन्दी

101. **किस समूह में सभी शब्द 'फूल' के पर्याय हैं?**
(1) पुष्प, पल्लव, मकरंद, सुमन
(2) कुसुम, मुकुल, प्रसून, पराग
(3) पुष्प, कुसुम, प्रसून, सुमन
(4) सुमन, पराग, विटप, पुष्प
(3)

102. **'अग्नि' शब्द का पर्याय है-**
(1) अतल (2) अखिल
(3) अनल (4) अनिल (3)

103. **'बाण' का सही पर्याय कौनसा शब्द है?**
(1) चीर (2) चाप
(3) शर (4) सर (3)

104. **'सिर मुँडाते ओले पड़े' कहावत का शुद्ध अर्थ है-**
(1) विघ्न ने काम बिगाड़ दिया।
(2) आशा निराशा में बदल गई।
(3) कार्य प्रारम्भ करते ही संकट आ गया।
(4) तैयार होकर चलते ही विपत्ति आ गई। (3)

105. **'हवा से बातें करना' मुहावरे का सही अर्थ कौनसा है?**
(1) बढ़ चढ़कर बातें करना।
(2) घमंड करना।
(3) बहुत तेज चलना।
(4) बहुत तेजी से बातें करना। (3)

106. **'नाच न जाने आँगन टेढ़ा' कहावत का सही अर्थ कौनसा है?**
(1) नाचने की कला न जानना।
(2) अपनी अयोग्यता को छिपाने के लिए दूसरों को दोष देना।
(3) अकुशल होने पर साधनों में दोष निकालना।
(4) आँगन टेढ़ा होने पर नहीं नाचना। (3)

107. **किस मुहावरे का अर्थ धोखा देना है?**
(1) आँखे फेरना (2) आँखे खोलना
(3) आँखे चुराना (4) आँखों में धूल झोंकना
(4)

108. **किस मुहावरे का अर्थ अत्यन्त प्रसन्न होना है?**
(1) चारों अंगुलियाँ घी में होना।
(2) चैन की बंशी बजाना।
(3) मन हरा होना।
(4) फूला न समाना। (4)

109. **'भ्रम-संदेह' युग्म शब्द का सही अर्थ किस विकल्प में है?**
(1) धोखा–आशंका
(2) अनिश्चय–मिथ्या करना
(3) मिथ्या ज्ञान–अनिश्चय
(4) आशंका–धोखा (1)

110. **कौनसा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है?**
(1) प्रदेशीय (2) प्रादेशीय
(3) प्रादेशिक (4) प्रदेशिक (3)

111. **कौनसा शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है?**
(1) दृष्टि (2) पण्डित
(3) उल्लंघन (4) उपर्युक्त (2)

112. **'उत् + हार' मिलकर जो शब्द बनता है, वह है-**
(1) उत्हार (2) उद्धार
(3) उतहार (4) उधार (2)

113. **किस शब्द में प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?**
(1) विकास (2) विफल
(3) धनिक (4) विकल (3)

114. **'जगदीश' का सही सन्धि-विच्छेद क्या है?**
(1) जग + दीश (2) जगत + ईश
(3) जग + तीश (4) जगत् + ईश (4)

115. **'पितृ + आज्ञा' की सन्धि कौनसी है?**
(1) पितृज्ञा (2) पित्र आज्ञा
(3) पित्राज्ञा (4) पितृआज्ञा (3)

116. **कौनसा शब्द द्विगु समास का सही उदाहरण है?**
(1) चन्द्रकला (2) नवरत्न
(3) चरणकमल (4) पदच्युत (2)

117. **तत्पुरूष समास का सही उदाहरण है-**
(1) गिरधर (2) पीताम्बर
(3) गोपालक (4) बंशीधर (3)

118. **कौनसा शब्द बहुव्रीहि समास का उदाहरण है?**
(1) चरणारविंद (2) महापुरूष
(3) वीणा–पाणिनी (4) चौराहा (4)

119. **किस शब्द में व्यंजन संधि है?**
(1) निर्जन (2) मनोहर
(3) सम्मान (4) ज्ञानोपार्जन (3)

120. **किस शब्द में 'सु' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है?**
(1) सुहाग (2) सुखद
(3) सुरसरि (4) सुधार (3)

121. **कौनसे पद में 'अन्' उपसर्ग नहीं है?**
(1) अन्याय (2) अनीति
(3) अनुभव (4) अविकासी (4)

122. **कौनसा शब्द प्रत्यय से नहीं बना है?**
(1) रसीला (2) सुनहला
(3) करेला (4) खर्चीला (3)

123. **कौनसा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है?**
(1) संसारिक (2) व्यवहारिक
(3) बहुता (4) सामाजिक (4)

124. **कौनसा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है?**
(1) सुश्रूषा (2) शुश्रुषा
(3) सुश्रूसा (4) सुश्रुषा (1)

125. **किस वर्ग के सभी शब्द शुद्ध हैं?**
(1) कोष्ठ–पुष्ठ (2) संतुष्ट–वरिष्ट
(3) कुष्ठ–यथेष्ट (4) नृप–श्रंगार (3)

126. **कौनसा शब्द अशुद्ध है?**
(1) परिष्कृत (2) पूजनीय
(3) अनुगृहित (4) निष्कंटक (3)

127. **निम्नांकित में से कौनसा शब्द तद्भव है?**
(1) हस्त (2) आम्र
(3) सौत (4) उष्ट्र (3)

128. **कौनसा शब्द तत्सम है?**
(1) पिया (2) उढ़ाई
(3) चौदह (4) त्वरित (4)

129. **कौनसा शब्द देशज है?**
(1) पुलिस (2) घूँट
(3) कबूतर (4) मृत्यु (2)


सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

130. **किस वाक्य में सर्वनाम संबंध त्रुटि हैं?**
(1) मैंने उसे निवेदन किया।
(2) तेरे को यह अच्छा नहीं लगता।
(3) आकाश से फूल गिर रहे हैं।
(4) हम सब प्रसन्न हैं? **(2)**

131. **करण कारक का प्रयोग किस वाक्य में हुआ है?**
(1) मैंने लेखनी से लिखा।
(2) हाथ से पुस्तक गिर पड़ी।
(3) वह मुझ से बड़ा है।
(4) वह मेरा मित्र है। **(1)**

132. **कौनसा वाक्य अपादान कारक का उदाहरण है?**
(1) वह आता है।
(2) मोहन कलम से लिखता है।
(3) पेड़ से फल गिरता है।
(4) मोहन की पुस्तक अच्छी है। **(3)**

133. **कौनसा वर्ण अन्तस्थ है?**
(1) ङ (2) व
(3) श (4) क्ष **(2)**

134. **त, थ वर्ण .......... वर्ग के वर्ण हैं।**
(1) कंठ्य (2) दंत्य
(3) तालव्य (4) मूर्द्धन्य **(2)**

135. **'दधि' शब्द हैं-**
(1) विदेशी (2) देशज
(3) तत्सम (4) तद्भव **(3)**

136. **कौनसा शब्द तत्सम नहीं है?**
(1) दधि (2) लोचन
(3) पर्वत (4) खीर **(4)**

137. **निम्नांकित में से किस वर्ग में शब्द का सही अर्थ नहीं है?**
(1) अज–बकरा (2) अन्तर–अवधि
(3) अम्बर–जल (4) अर्क–सूर्य **(3)**

138. **निम्नांकित में से किस वर्ग में शब्द का अर्थ सही है?**
(1) उपेक्षा–इच्छा (2) आदि–अभ्यस्त
(3) तरणी–नाव (4) जठर–बूढ़ा **(3)**

139. **'एक ही माता से उत्पन्न पुत्रों' के लिए उपयुक्त शब्द क्या है?**
(1) भाई (2) बंधु
(3) सहोदर (4) मातृज **(3)**

140. **'सर्वप्रथम किसी वस्तु के निर्माण के लिए' उपयुक्त शब्द है-**
(1) अनुसंधान (2) अनुवीक्षण
(3) अन्वेषण (4) आविष्कार **(4)**

141. **'जिसका कोई शत्रु न हो' के लिए उपयुक्त शब्द कौनसा है?**
(1) शत्रुहीन (2) अजातशत्रु
(3) सर्वप्रिय (4) शत्रु दमन **(2)**

142. **रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त शब्द कौनसा है?**
**लक्ष्मण-झूला नामक स्थान पर गंगा नदी का ......... अति तीव्र होता है।**
(1) जल (2) प्रभाव
(3) प्रवाह (4) प्रसार **(3)**

143. **मोर ......... देखकर नृत्य करने लगता है। इस वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए कौनसा शब्द उपयुक्त है?**
(1) जलज (2) जलद
(3) जलधि (4) जलनिधि **(2)**

144. **हमें ......... है कि मोहन अनुत्तीर्ण होगा। उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु सही शब्द कौनसा है?**
(1) सन्देह (2) शंका
(3) आशंका (4) भ्रम **(3)**

145. **हमें अपने गुरुजनों को मिलने पर .......... करना चाहिए।**
(1) नमस्ते (2) नमस्कार
(3) प्रणाम (4) प्रार्थना **(3)**

146. **'कोमल' शब्द का विलोम शब्द कौनसा है?**
(1) कटु (2) कुटिल
(3) कठोर (4) कठिन **(3)**

147. **'हर्ष' का विलोमार्थक शब्द कौनसा है?**
(1) दुःख (2) कष्ट
(3) शोक (4) खेद **(3)**

148. **किस वर्ग में शब्द का विलोम अशुद्ध है?**
(1) यश–अपयश (2) कपूत–पूत
(3) उन्नति–अवनति (4) पराधीन–स्वाधीन **(2)**

149. **कौनसा शब्द 'सम्पत्ति' का विलोम शब्द है?**
(1) प्रचुरता (2) विपत्ति
(3) दरिद्रता (4) खिन्नता **(2)**

150. **कौनसा शब्द 'पंकज' का पर्याय है?**
(1) प्रमोद (2) पयोधि
(3) जलद (4) जलज **(4)**

## भाग-द : शिक्षण अभिवृत्ति एवं अभिरूचि परीक्षण

151. **शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए-**
(1) समाज सेवा
(2) स्वयं की प्रगति
(3) नौकरी प्राप्त करना
(4) पारिवारिक कल्याण **(1)**

152. **शिक्षा एक व्यक्ति की सहायता करती है-**
(1) सम्पूर्ण विकास में (2) मानसिक विकास में
(3) ज्ञानी बनाने में (4) धन कमाने में **(1)**

153. **एक अध्यापक का उत्तरदायित्व है कि वह-**
(1) तन्त्र की बुराइयों को उजागर करें।
(2) विभिन्न मुद्दों पर व्याख्यान दे।
(3) लोगों को अनुसंधान के लिए प्रेरित करें।
(4) लोगों को उनके कर्त्तव्यों को करने के लिए प्रेरित करें। **(4)**

154. **शैक्षिक उद्देश्य प्रमुखतया सम्बन्धित होने चाहिए-**
(1) व्यक्ति से (2) समुदाय से
(3) राष्ट्र से (4) नौकरी से **(3)**

155. **एक अध्यापक होने के नाते आपका बल होगा कि-**
(1) तनख्वाह का हिसाब करना।
(2) पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण हो।
(3) छात्रों में समस्या समाधान अभिवृत्ति का विकास हो।
(4) विद्यार्थियों के परीक्षा में अच्छे अंक आयें। **(3)**

156. **आप ऐसे व्यवसाय का चुनाव करना चाहते हैं जिसमें आप-**
(1) समाज और तन्त्र में परिवर्तन ला सकें।
(2) शक्ति और पद को प्राप्त कर सकें।
(3) विभिन्न प्रकार के व्यक्तियों से जुड़ सकें।
(4) अच्छे के लिए परामर्श प्रदान कर सकें। **(1)**

157. **विद्यार्थियों को मूल्य शिक्षण करवाने की सर्वोत्तम विधि है-**
(1) स्वयं को एक आदर्श रूप में पेश करना।
(2) विद्यार्थियों से कठोर व्यवहार करना।
(3) महान नेताओं के उदाहरण देना।
(4) मूल्यों पर एक व्याख्या देना। **(1)**

158. **माध्यमिक स्तर की कक्षाओं की पाठ्यचर्या अधिक लाभदायक हो सकती है-**
(1) विद्यार्थियों के बाहर संसार से जुड़ी हो।
(2) मूल्य तंत्र से जुड़ी हो।
(3) भारतीय इतिहास से जुड़ी हो।
(4) नौकरी से जुड़ी हो। **(1)**

159. **एक अध्यापक के चुनाव का मापदण्ड होना चाहिए, उसका/उसकी-**
(1) अंक और श्रेणी (2) सामाजिक परिपक्वता
(3) मानसिक योग्यता (4) व्यक्तित्व **(2)**

160. **एक शिक्षित व्यक्ति होने के नाते आप निम्नलिखित में से कौनसा कार्य करना पसन्द करेंगे?**
(1) व्यापार (2) शिक्षण
(3) नेतागिरी (4) समाज सेवा **(2)**

161. **आप अपने विद्यालय की समस्या को कैसे हल करना चाहेंगे?**
(1) इसमें सक्रिय भूमिका निभाकर
(2) समाधान के बारे में बताकर
(3) समस्या के बारे में बताकर
(4) परिस्थिति की उपेक्षा करके **(1)**

162. **एक अध्यापक के रूप में, आप अपनी कक्षा को किस प्रकार का नेतृत्व देना चाहेंगे?**
(1) एकतन्त्रीय (2) सहयोगी
(3) प्रजातंत्रीय (4) अहस्तक्षेपीय **(2)**

163. **एक प्रभावी व्यक्ति की पुत्री आपकी छात्रा हो, तब उसके प्रति आपका व्यवहार कैसा होगा?**
(1) यह परिस्थिति पर निर्भर करेगा।
(2) दूसरे विद्यार्थियों जैसा ही।
(3) उस पर विशेष ध्यान रहेगा।
(4) सामान्य **(2)**

164. **एक अध्यापक होने के नाते आपके जीवन का मुख्य उद्देश्य है-**
(1) शांति प्राप्त करना
(2) विद्यार्थियों से सम्बन्ध बनाना
(3) विद्यार्थियों को प्रेरित करना
(4) कक्षा का अनुशासन बनाये रखना **(3)**

165. **आप एक अध्यापक के रूप में अपने विद्यार्थियों में अनुशासन कैसे विकसित करेंगे?**
(1) अनुशासनहीन विद्यार्थियों को दण्ड देकर
(2) अनुशासित व्यवहार का आचरण करके
(3) अनुशासित विद्यार्थियों के उदाहरण देकर
(4) अनुशासन पर भाषण देकर **(2)**

166. **विद्यार्थियों का विकास अधिक प्रभावी रूप से सम्भव है जब विद्यालय के सभी अध्यापक काम करेंगे-**
(1) सहभागी रूप में (2) व्यवस्थित रूप में
(3) व्यक्तिगत रूप में (4) नियमित रूप में **(1)**



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

167. **''शिक्षा की गुरुकुल प्रणाली शिक्षा की एक प्रभावी प्रणाली थी'', क्योंकि इस प्रणाली में-**
(1) अध्यापक–विद्यार्थी सम्बन्ध बहुत प्रगाढ़ होते थे।
(2) शिक्षा प्रणाली स्वायत्त रूप में कार्य करती थी।
(3) अध्यापक विद्यार्थियों की योग्यता को पहचानते थे।
(4) विद्यार्थी मुक्त वातावरण में सीखते थे। **(1)**

168. **निम्नलिखित में से कक्षा सम्प्रेषण में कौनसा मुख्य बाधक है?**
(1) विद्यार्थियों का गलत प्रत्यक्षीकरण
(2) द्विमार्गी सम्प्रेषण
(3) अलंकृत भाषा
(4) एकमार्गी सम्प्रेषण **(3)**

169. **शिक्षण की प्रकृति के विषय में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य है?**
(1) शिक्षण एक कला और कौशल है।
(2) शिक्षण एक विज्ञान है।
(3) शिक्षण एक कला के साथ विज्ञान है।
(4) शिक्षण विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि पर निर्भर करता है। **(1)**

170. **एक बालक तब अधिक सीखता है जब अध्यापक उसे निम्नलिखित प्रकार की अधिगम सामग्री प्रदान करता है-**
(1) सुनकर
(2) देखकर
(3) देखकर और सुनकर
(4) स्वयं करके **(3)**

171. **एक अध्यापक को विद्यार्थी के पूर्व कक्षा के ज्ञान को वर्तमान विषय-वस्तु से सम्बन्धित करके बताना चाहिए, क्योंकि यह मदद करता है-**
(1) विषय–वस्तु को दोहराने में
(2) नये ज्ञान को आधार प्रदान करने में
(3) विषय–वस्तु की सततता (निरन्तरता) बनाये रखने में
(4) विद्यार्थियों को व्यस्त रखने में **(2)**

172. **निम्नलिखित में से कौनसी योग्यताएँ एक नेता को प्रभावी बनाती हैं?**
(1) उच्च शैक्षिक डिग्री (उपाधि)
(2) योग्यता और समस्या समाधान
(3) निर्णय क्षमता और सम्प्रेषण
(4) निर्णय क्षमता और समस्या समाधान **(3)**

173. **एक अध्यापक को विषय-वस्तु के सम्प्रत्ययीकरण (स्पष्टता) के लिए निम्नलिखित में से कौनसी शिक्षण-अधिगम सामग्री का उपयोग करना चाहिए?**
(1) प्रत्यक्ष अनुभवों का (2) सांकेतिक सामग्री का
(3) मूर्त सामग्री का (4) अमूर्त सामग्री का **(1)**

174. **बालक में सामाजिक संवेदीकरण विकास का आधारभूत अभिकरण कौनसा है?**
(1) विद्यालय (2) परिवार
(3) समुदाय (4) पुस्तकें **(2)**

175. **''एक अध्यापक सामाजिक रूप से परिपक्व होना चाहिए, क्योंकि वह संस्कृति स्थानान्तरण का वाहक होता है।'' यह कथन होता है-**
(1) हमेशा सत्य (2) बहुधा सत्य
(3) कभी–कभी सत्य (4) असत्य **(1)**

176. **एक नेता को ज्ञान होना चाहिए-**
(1) सम्प्रेषण का (2) राजनीति का
(3) मनोविज्ञान का (4) समाजशास्त्र का **(1)**

177. **जब एक नेता कार्य पर चर्चा कर रहा हो तो उसे निम्नलिखित के विषय में सचेत रहना चाहिए-**
(1) समूहों के उद्देश्यों
(2) समूह अभिप्रेरणा
(3) समूह सहयोग
(4) इसके इज्जत/सम्मान **(1)**

178. **''सम्प्रेषण अध्यापक की एक जन्मजात योग्यता है।'' यह कथन है-**
(1) पूर्णतया असहमत
(2) प्रायः असहमत
(3) कभी–कभी असहमत
(4) कह नहीं सकते **(1)**

179. **निम्नलिखित में से कौनसा कारक सम्प्रेषण को अधिक प्रभावी बनाता है?**
(1) गति (2) हावभाव
(3) सरल भाषा (4) उदाहरण **(4)**

180. **विद्यार्थियों के अधिगम को बढ़ाने में निम्नलिखित में से कौनसा कारक सहायक होता है?**
(1) शिक्षण गुणवत्ता (2) अध्यापक की शैली
(3) कक्षा वातावरण (4) विद्यार्थी अभिवृत्ति **(1)**

181. **''विद्यार्थियों को पुनर्बलन से अभिप्रेरित किया जाना चाहिए।'' आप इस कथन से सहमत हैं-**
(1) हमेशा (2) अधिकतर
(3) कभी–कभी (4) निश्चित नहीं है **(3)**

182. **हम एक वास्तविक नेता उसे कह सकते हैं जिसमें निम्नलिखित गुण हों-**
(1) जो अन्यों को आदेश दे।
(2) जो अन्यों का सहयोग ले।
(3) जो उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु एक दल का निर्माण करें।
(4) जो अन्यों को अभिप्रेरित करें। **(4)**

183. **कक्षा शिक्षण के समय निम्नलिखित में सम्प्रेषण का सबसे महत्त्वपूर्ण पद कौनसा है?**
(1) स्वीकार्यता
(2) माध्यम
(3) आवाज की उच्चता
(4) विचार स्पष्टता **(4)**

184. **निम्नलिखित में से कौनसा कथन सम्प्रेषण के सिद्धान्त को सही रूप से प्रदर्शित करता है?**
(1) यह मनोरंजनन का साधन है।
(2) वह अभिव्यक्ति कौशल है।
(3) यह संवेदी सजगता पर निर्भर करता है।
(4) यह द्विमार्गी प्रक्रिया है। **(4)**

185. **एक अध्यापक की भूमिका को परिभाषित किया जा सकता है-**
(1) वह समाज की रीढ है।
(2) वह राष्ट्र निर्माता है।
(3) वह एक साक्षर व्यक्ति है।
(4) वह विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माता है। **(2)**

186. **एक अध्यापक की मुख्य अकादमिक विशेषता है-**
(1) ज्ञान की भूख
(2) अच्छा वक्ता
(3) विषय ज्ञान
(4) सामग्री के विषय में जानकारी **(3)**

187. **एक अध्यापक के लिए अनिवार्य व्यक्तित्व कारक है-**
(1) मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य
(2) समालोचनात्मक अभिवृत्ति
(3) व्यक्तिगत सम्मान (4) नैतिकता **(4)**

188. **आपकी कक्षा में अध्यापक के रूप में आपके निर्णय निर्भर करते हैं-**
(1) निर्णय अटल होते हैं जो किसी भी परिस्थिति में परिवर्तित नहीं होते।
(2) कक्षा के विद्यार्थियों के अनुसार लचीले होते हैं।
(3) कक्षा के विद्यार्थियों के अनुसार सहयोग से होते हैं।
(4) कक्षा में परिचर्चा के पश्चात् ही लिये जाते हैं।
**(4)**

189. **कक्षा शिक्षण में मूल्यांकन का उपयोग होना चाहिए-**
(1) बालक की क्षमताओं के मूल्यांकन के लिए
(2) उनकी उपलब्धि को पृष्ठपोषण प्रदान करने के लिए
(3) उसकी कक्षा में रैंक जानने के लिए
(4) बालक की व्यक्तिगत क्षमताओं को पोषित करने के लिए **(2)**

190. **सी.सी.ई. (सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन) मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए बहुत अच्छा है, क्योंकि यह पृष्ठपोषण देता है-**
(1) शिक्षा प्रणाली को
(2) बालक व अध्यापक को
(3) बालक, अध्यापक व अभिभावकों को
(4) अध्यापक व अभिभावकों को **(3)**


191. **सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन प्रणाली (सी.सी.ई.) की निम्नलिखित में से उपयुक्त तकनीक कौनसी है?**
(1) अवलोकन एवं अंकन
(2) परीक्षण, अवलोकन एवं स्वयं प्रदर्शन
(3) अंकन श्रेणीकरण
(4) परीक्षण एवं अवलोकन **(2)**

192. **निम्नलिखित में से कौनसा कथन अधिगम की प्रकृति को सही रूप में दर्शाता है?**
(1) अधिगम समय बन्धित हैं।
(2) अधिगम विकास है।
(3) अधिगम प्रक्रिया के साथ उत्पाद भी है।
(4) अधिगम केवल उत्पाद है।
**(3)**

193. **एक अध्यापक के रूप में आप अपनी कक्षा में निम्नलिखित में से कौनसा शिक्षण-अधिगम उपागम अपनाना चाहेंगे?**
(1) अध्यापक–केन्द्रित
(2) बालक–केन्द्रित
(3) क्रियाकलाप–केन्द्रित
(4) सहयोग–केन्द्रित **(3)**

194. **आपके दृष्टिकोण से कक्षा में निम्नलिखित में से कौनसा अनुशासन सर्वोत्तम है?**
(1) नियमों द्वारा बलपूर्वक अनुशासन
(2) दण्ड द्वारा बलपूर्वक अनुशासन
(3) स्वअनुशासन
(4) नियमों द्वारा स्वअनुशासन **(3)**

195. **विद्यालयी शिक्षा प्रणाली में शैक्षिक एवं सहशैक्षिक दोनों क्रियाएँ ही अनिवार्य हैं, क्योंकि-**
(1) दोनों क्रियाओं को ही बल देना चाहिए।
(2) यह बालक के सर्वांगीण विकास के लिए अनिवार्य है।
(3) यह बालक के सामाजिक और शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है।
(4) विद्यालय बजट का उपयोग होना चाहिए। **(2)**



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

लाइव क्लासेज
सभी प्रश्नोत्तरी PDF
Click Here डाउनलोड

राजस्थान GK नोट्स
महत्वपूर्ण- महत्वपूर्ण नोट्स
सम्पूर्ण PDF
Click Here डाउनलोड

सामान्य विज्ञान
वस्तुनिष्ठ प्रश्न
Click Here

# भारत GK

◆ प्रश्नोत्तरी ◆ नोट्स

## सम्पूर्ण PDF

## Click Here डाउनलोड

# सामान्य ज्ञान

## 5100+ प्रश्न

# RAJASTHAN CET

## सामान्य हिन्दी

## Download Now